रोहतक
सोमवार, 28 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 178
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 38.0
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



फतेहाबाद में रतिया में देर से पहुंची महिला परीक्षार्थी के लिए रोडवेज ने अलग से बस चलाई और उसे परीक्षा सेंटर तक पहुंचाया। विभाग के इस फैसले की तारीफ हो रही है।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ के लिए 2000 यात्रियों का जत्था रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन करने के लिए 365 महिलाओं सहित 2,197 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। 49 साधुओं और 10 साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। भाषा

### पुणे में खडसे के दामाद समेत 7 लोग गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे पुलिस ने एक अपार्टमेंट में आयोजित की जा रही 'ड्रग पार्टी' में छापा मारकर मादक पदार्थ, हुक्का एवं शराब जब्त की तथा सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। भाषा

### जांच में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे जांच में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें। क्योंकि इससे जांच की पारदर्शिता बढ़ेगी व निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा ने हेरोइन की जब्ती से संबंधित मामले में एक आवेदन पर फैसला करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने 24 जुलाई को दिए आदेश में आरोपित रवि प्रकाश को जमानत देने से इनकार कर दिया।

**सीईटी संपन्न : कुछ घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रही परीक्षा ▸▸ सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त ▸▸ सभी ने सराहा**

महिलाओं के दुपट्टे मंगलसूत्र उतरवाए रेवाड़ी में हाथ का प्लास्टर उतरवाया

# 2 दिन में 13 लाख ने दी परीक्षा, 2 दिन में जारी होगी ऑन्सर की, एक महीने में आएगा परिणाम

**कैथल : दोस्त की जगह पेपर देता युवक गिफ्तार, दो युवतियां उत्तर पुस्तिका लेकर फरार, सिरसा में पंचायत सेक्रेटरी हिरासत में**

**जींद : फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाकर पहुंचा, लॉ छात्र को बनाया हेल्पर, दोनों गिरफ्तार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

**जींद : अभ्यर्थी मोनिका को लेबर पेन हुआ, बेटा जन्मा, बहादुरगढ़ में मां-बेटी ने दी परीक्षा, फतेहाबाद में एक अभ्यर्थी के लिए चली बस**

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में रविवार को ग्रुप-सी की नौकरी के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर की गई सभी तैयारियां दुरुस्त रहीं। हर किसी ने प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर परीक्षा शांतिपूर्ण रही। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) ने रविवार को कहा कि दो दिन चली परीक्षा में करीब 13 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। आयोग ने इस परीक्षा के लिए 13.48 लाख परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए थे। शनिवार को पहले दिन को दोनों शिफ्टों में 6 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने एग्जाम दिया। वहीं, रविवार को दोनों शिफ्टों में 6 लाख से ज्यादा परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि 2 दिन के अंदर आंसर की और एक महीने के अंदर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। रविवार को परीक्षा के दौरान कैथल में दोस्त के स्थान पर परीक्षा देते एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, वहीं, कैथल में ही दो महिला अभ्यर्थी उत्तर पुस्तिकाएं लेकर फरार हो गई। पुलिस जांच कर रही है। सिरसा में एक पंचायत सेक्रेटरी को पेपर देते हुए हिरासत में लिया है। हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं कि वह अपना पेपर दे रहा था या किसी दूसरे का। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (पेज दो भी देखें)

### परीक्षा में शुरू हुआ लेबर पेन, बेटे को दिया जन्म

जींद निवासी मूक-बधिर दंपती अजय और मोनिका रविवार को परीक्षा देने पहुंचे थे। इसी दौरान मोनिका को अचानक लेबर पेन शुरू हो गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचा गया, जहां उसने बेटे को जन्म दिया। इसी दौरान उसका पति एग्जाम सेंटर में परीक्षा ही देर रहा था। उन्होंने बच्चे का निक नेम सीटी रखा है।



झज्जर में एक परीक्षा केंद्र के बाहर महिला अभ्यर्थियों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### जींद में फर्जी दस्तावेजों के साथ परीक्षार्थी और सहायक काबू

फर्जी विकलांगता सर्टिफिकेट और अपने सहायक के साथ सीईटी की परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी को काबू कर अलेवा पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अलेवा राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए सीईटी परीक्षा केंद्र के अधीक्षक डा. सुनीता दुग्गल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बुटानी (जींद) निवासी जितेंद्र अपने सहायक राजीव नगर दिल्ली निवासी प्रकाश के साथ परीक्षा केंद्र में बैठा था। जब जितेंद्र के विकलांगता सर्टिफिकेट को जांचा तो वह झांसी का बना मिला। विकलांगता प्रमाण पत्र को फतेहबाद के नोटरी से अटैस्टिड करवाया गया था। नियमानुसार हरियाणा राज्य से विकलांग प्रमाण पत्र बना होना चाहिए। सहायक के लिए योग्यता दसवीं की निर्धारित थी, जबकि सहायक की योग्यता एलएलबी थी।

### उत्तर पस्तिका लेकर फरार हुई युवतियों की तलाश

कैथल में शाम की शिफ्ट में दो युवतियां उत्तर पुस्तिका लेकर फरार हो गई। युवतियों के उत्तर पुस्तिका लेकर भागने की जानकारी तब मिली, जब परीक्षा संपन्न होने के बाद गिनती में उत्तर पुस्तिका कम पाई गई। इस मामले में एक युवती शालू आरकेएसडी पीजी कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र व एक अन्य युवती पूनम खुराना रोड पर बने गुरु तेग बहादुर स्कूल में बने केंद्र से उत्तर पुस्तिका लेकर भाग गई। यह जानकारी भी नहीं मिल पाई है कि आखिर दोनों युवतियां कहां की निवासी हैं। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है।

### फर्जीवाड़ा : दोस्त से दिलवा रहा था पेपर, काबू



कैथल में दोस्त की जगह पेपर देने आए युवक को पकड़ा गया है। यह युवक जींद के बड़ौदी का रहने वाला मंजीत था, जबकि पेपर इसी गांव के अमित ने देना था। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को शक हुआ तो इसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। वह कैथल के सन शाइन पब्लिक स्कूल में एग्जाम दे रहा था। वहीं, सिरसा में एक पंचायत सेक्रेटरी को पेपर देते हुए हिरासत में लिया है। हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं कि वह अपना पेपर दे रहा था या किसी दूसरे का।

### रोहतक में गेट पर टंगवाए दुपट्टे

रोहतक में परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने महिलाओं के दुपट् टे उतरवा दिए और उन्हें गेट पर टंगवा दिया। वहीं सोनीपत में मंगल सूत्र भी उतरवाया गया। हालांकि एचएसएससी ने महिला परीक्षार्थियों को इन दोनों को पहनने की छूट दे रखी थी। दुपट्टा उतरवाने को लेकर कमीशन का कोई निर्देश नहीं था। इसके अलावा हरियाली तीज को देखते हुए विवाहिताओं को मंगल सूत्र पहनने की छूट दी गई थी।

### मां-बेटी ने दी सीईटी की परीक्षा

सीईटी की परीक्षा में शामिल होने के लिए बहादुरगढ़ निवासी मां-बेटी उत्साह के साथ फरीदाबाद गई। मोहन नगर निवासी पूनम देवी का सेंटर फरीदाबाद के सेक्टर-17 में स्थित मॉडर्न स्कूल में था। जबकि उनकी 19 वर्षीय बेटी लक्षिता का सेंटर बल्लभगढ़ के लोकदीप पब्लिक स्कूल में था। दोनों ने उम्मीद जताई कि उनकी मेहनत सफल होगी।



पूनम देवी व लक्षिता

---

*खेल मंत्री का आदेश, वरना भत्ता नहीं*

# अब खिलाड़ियों को देनी होगी बायोमेट्रिक हाजिरी

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य कर दी है। ऐसा नहीं करने पर भत्ता नहीं दिया जाएगा। सभी खेल नर्सरियों में 15 अगस्त से यह नियम सख्ती से लागू किया जाएगा। अब फरलो और हाजिरी रजिस्टर में साइन मारने का फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। खिलाड़ियों के साथ साथ अब कोच की भी बायोमीट्रिक हाजिरी जरूरी होगी। खिलाड़ियों और कोच की फर्जी हाजिरी भरे जाने की शिकायतों के बाद में यह फैसला लिया गया है। कोच की गैर-हाजिरी की शिकायतों को ध्यान में रखकर खिलाड़ी व कोच दोनों की बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है।

### नर्सरियों की संख्या बढ़ेगी

इस वर्ष खेल नर्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 करने का फैसला लिया है। जिसें से 500 नर्सरियां सरकारी संस्थानों में और 1500 प्राइवेट संस्थानों में संचालित होंगी।

### कोच और खिलाड़ियों का मानदेय बढ़ेगा

कोच का मानदेय बढ़ाने का फैसला लिया जा चुका है। जूनियर कोच का मासिक मानदेय 20,000 से बढ़ाकर 25,000 किया जाएगा। वरिष्ठ कोच का मानदेय 25,000 से 30,000 होगा। खिलाड़ियों की डाइट मनी में वृद्धि की 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 की बजाय 2000 रुपये, 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2,000 की बजाय 3,000 रुपये मासिक डाइट मनी मिलेगी। आवासीय अकादमियों के खिलाड़ियों को प्रति दिन 200 की जगह 500 दिए जाएंगे।

### 37,000 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

नर्सरियों में हर साल 37,000 से अधिक खिलाड़ियों को खेलों की ट्रेनिंग दी जाती है। गौतम के पास लगातार शिकायतें आ रही थीं। इसलिए नर्सरियों में खिलाड़ियों और कोच की बायोमीट्रिक हाजिरी सुनिश्चित करने का फैसला लिया है। अब रजिस्टर में हस्ताक्षर मात्र से मान्य नहीं होगी।

### चोल निर्मित शिव मंदिर में पीएम मोदी ने तमिल परिधान में की पूजा-अर्चना



**चेन्नई।** पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में रविवार को त्रिची में होटल से एयरपोर्ट तक रोड शो किया। इसके बाद वे अरियालुर के गंगईकोंड चोलपुरम मंदिर पहुंचे। पीएम यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की 1000वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर चोल प्रथम के सम्मान में स्मृति सिक्का भी जारी किया। इससे पहले पीएम ने 11वीं सदी में राजेंद्र चोल द्वारा निर्मित शिव मंदिर में तमिल परिधान में पूजा-अर्चना की और फिर मंदिर का भ्रमण किया। पीएम ने कहा-इतिहासकार मानते हैं कि चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से एक था। भारत की परंपरा को भी चोल साम्राज्य ने आगे बढ़ाया था। मैं राजा राजेंद्र चोल को नमन करता हूं। मुझे भगवान बृहदेश्वर के चरणों में उपस्थित होकर पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। (विस्तृत पेज 5 पर)

# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 8 श्रद्धालुओं की मौत

**मंदिर से 25 सीढ़ी पहले हादसा 29 लोग घायल, सीढ़ियों के पास बिजली के करंट की अफवाह फैलने से दुर्धटना**

**चश्मदीद बोला-तार में करंट उतरा, पुलिस ने कहा-ये अफवाह, पहाड़ के ऊपर है मंदिर, पहुंचने के लिए 800 सीढ़ियां**

भाषा ▸▸| हरिद्वार/देहरादून

उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ मच जाने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि सुबह नौ बजे भगदड़ की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस व अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे तथा बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। करीब 35 श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हो गई है। अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है जिनमें से कुछ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे सीढ़ियों के पास अचानक बिजली के करंट की अफवाह फैल गई और प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि संभवतः इसी वजह से भगदड़ हुई। हालांकि, उन्होंने घटना की विस्तृत जांच की बात कही है।

*यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ।*



### इनकी जान गई

राज्य आपातकालीन केंद्र (एसईओसी) से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुए श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा तथा दिल्ली के निवासी हैं। एसईओसी के अनुसार मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी आरुष (12), बिहार के अररिया के निवासी शकल देव (18), उत्तर प्रदेश के रामपुर निवासी विक्की सैनी (18), उत्तराखंड के काशीपुर निवासी विपिन सैनी (18), उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के वकील सिंह और उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की शांति के रूप में हुई है। इसने सिंह और शांति के उम्र नहीं बताई।

### बिजली के तार टूटे मिले

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि घटनास्थल बिजली के कई तार टूटे मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि भीड़ की वजह से खुद लोगों ने तार पकड़ कर ऊपर चढ़ने की कोशिश की होगी। प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें बेहतर उपचार के लिए ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर कर दिया गया है।

### मोदी ने दु:ख जताया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर जाने के मार्ग पर भगदड़ मचने के कारण लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की सहायता कर रहा है।'

### आर्थिक मदद का ऐलान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार दुःख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। धामी ने हरिद्वार के जिलाधिकारी को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

---

## अभियान के दौरान हुए दिव्यांग तो भी सेवा पर रहेंगे जवान

**मिलेगा पूरा वेतन और सम्मान: केंद्रीय गृह सचिव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीएपीएफ के अधिकारी और जवान जो अभियान के दौरान अपने अंग खो देते हैं या किसी स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो जाते हैं, वे सेवा में बने रहेंगे। उन्हें एकमुश्त मूल मौद्रिक पैकेज के अलावा उचित पदोन्नति एवं वेतन मिलेगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने रविवार को यह जानकारी दी। मोहन यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर बल के जवानों को संबोधित कर रहे थे। सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

**मानसून सत्र** पक्ष-विपक्ष होंगे आमने-सामने, राष्ट्रीय सुरक्षा व विदेश नीति पर हंगामा

*शाह, राजनाथ, जयशंकर सरकार का पक्ष रखेंगे राहुल, खरगे, अखिलेश खोल रहे सरकार के खिलाफ मोर्चा*

# संसद में पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर पर आज तीखी बहस की तैयारी

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद सोमवार से पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीखी बहस होने की संभावना है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर इन मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखेंगे। ऐसे संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपनी सरकार के 'मजबूत' रुख के ट्रैक रिकॉर्ड से अवगत कराने के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं।

### दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस होगी

दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव व अन्य नेताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। दोनों पक्षों ने प्रत्येक सदन में 16-16 घंटे की बहस पर सहमति व्यक्त की है, जो सामान्यतः तय समय से अधिक होती है। वहीं, भाजपा की तरफ से अनुराग ठाकुर, सुधांशु त्रिवेदी और निशिकांत दुबे जैसे मंत्रियों और नेताओं के अलावा, सत्तारूढ़ राजग द्वारा उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को भी मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है।



### देर आए दुरुस्त आए : कांग्रेस

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में होने वाली चर्चा को लेकर कहा कि यह चर्चा बहुत समय से लंबित थी, लेकिन 'देर आए दुरुस्त आए। जयराम रमेश ने कहा, "लोकसभा में पहलगाम व ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे की बहस शुरू होगी। कांग्रेस ने अपने सभी लोकसभा सदस्यों को व्हिप जारी कर सोमवार से तीन दिन तक सदन में उपस्थित रहने को कहा है। चर्चा के पहले दिन कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई नेतृत्व करेंगे।

# विश्व कुश्ती चैंपियनशिपः भारतीय टीम में चुनी गईं 10 खिलाड़ियों में 6 हरियाणा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप-2025 के लिए चुनी गई भारतीय महिला टीम में हरियाणा की महिला पहलवानों को दबदबा रहा। टीम में चुनी गई कुल 10 पहलवानों में 6 हरियाणा की हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव डॉ. राकेश कोच ने यह जानकारी दी और सभी चयनित पहलवानों को बधाई दी। यह चैंपियनशिप बुल्गारिया में 17 से 24 अगस्त तक होगी। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश सिंह सांगवान ने बताया कि 50 किलो भारवर्ग में पहला स्थान श्रुति (दिल्ली) और दूसरा स्थान श्वेता (कर्नाटक) रहा।



### ट्रायल में ये रहे परिणाम

ट्रायल में 53 किलो भारवर्ग में पहला स्थान सरिका (हरियाणा), दूसरा स्थान हिमांशी (हरियाणा), 55 किलो में पहला स्थान रीना (हरियाणा), दूसरा स्थान धनश्री (महाराष्ट्र), 57 किलो में पहला स्थान तपस्या (हरियाणा) और दूसरा स्थान नेहा (दिल्ली), 59 किलो में पहला स्थान नेहा (हरियाणा) व दूसरे पर सरिका (हरियाणा) रहीं। 62 किलो में पहला स्थान अंजलि (हरियाणा), दूसरा स्थान नितिक (दिल्ली), 65 किलो में पहला स्थान मानसी (दिल्ली), दूसरा स्थान भूमि यूपी), 68 किलो में पहला स्थान श्रेष्ठी (दिल्ली), दूसरा स्थान मानसी (हरियाणा), 72 किलो में पहला स्थान काजल (हरियाणा), दूसरा स्थान ज्योति (हरियाणा) और 76 किलोग्राम भारवर्ग में पहला स्थान प्रिया (हरियाणा) का रहा। सभी चयनित पहलवान अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## खबर संक्षेप

### यमुनानगर में जंगल से खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** खैर तस्करो ने गांव दादूपुर फतेहगढ़ बांध के पास वन जंगल से हजारों रूपये कीमत के खैर के तीन पेड़ काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने वन राजिक अधिकारी की शिकायत पर एक खैर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार दादूपुर बीट के वन अधिकारी योगेश कुमार ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव दादूपुर फतेहगढ़ बांध के पास से अज्ञात व्यक्ति ने खेर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान उसे वहां से खैर के तीन पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 60 हजार रूपये है। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि यह खैर के पेड़ गांव जाटोंवाला निवासी फरदीन ने अपने साथियों के साथ काटकर चोरी किए हैं।

### लूटपाट के आरोप में तीन किशोरों सहित चार काबू

फरीदाबाद। क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने ओल्ड फरीदाबाद मार्केट में रात के समय हलवाई से मोबाईल फोन लूटने के मामले में 3 किशोर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 जुलाई की रात को सौरभ निवासी भूड कालोनी के साथ तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में लूट हुई थी, शिकायतकर्ता हलवाई का काम करता है जिसका मोबाइल फोन आरोपी छीन कर ले गए थे। जिस संबंध में थाना ओल्ड में लूट से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

### साइबर ठगी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को केशवपुरम दिल्ली से गिरफ्तार किया है । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आशीष चंद्र उर्फ अजय बिहार के जिला मोतीहार के गांव दरगाहा का रहने वाला है तथा वर्तमान में श्रीनगर गणेशपुरा उत्तर पश्चिम दिल्ली में किराए पर रह रहा है, 12वीं पास है तथा चप्पल बनाने के लिए लेबर उपलब्ध कराने का काम करता है। आरोपी ने पूर्व में गिरफ्तार अनिल से खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। खाते में ठगी के 21 लाख रुपए आए थे।

**गुजरात पुलिस की एसओजी ने देवभूमि द्वारका से अब्बास नामक आरोपी को किया काबू**

# नफे सिंह के शूटरों के फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला गुजरात से गिरफ्तार

■ पूर्व विधायक के हत्यारों अतुल व नकुल की गिरफ्तारी के लिए डेढ़ साल से खाक छान रही पुलिस व सीबीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में करीब डेढ़ साल बाद एक गिरफ्तारी हुई है। फरार चल रहे दो शूटरों के फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोपी को गुजरात पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने देवभूमि द्वारका से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की सूचना हरियाणा पुलिस की एसटीएफ को दे दी गई। नफे सिंह राठी का परिवार शूटरों और हत्याकांड के साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग लगातार उठाता रहा है।

### बहादुरगढ़ लौट रहे थे

बता दें कि इनेलो के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी 25 फरवरी 2024 की शाम आसौदा से बराही के रास्ते बहादुरगढ़ लौट रहे थे। सांखोल के निकट स्थित रेलवे फाटक पर चार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी में नफे सिंह राठी और उनके साथी जयकिशन दलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनका निजी सुरक्षाकर्मी संजीत व गाड़ी चला रहा भांजा संजय भी गोली लगने से घायल हुए थे। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के साथ ही दस नामजद लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 147, 148, 149 व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। हरियाणा पुलिस ने इस वारदात को सुलझाने के लिए डीएसपी की अगुवाई में एसआईटी गठित की थी। नफे सिंह के परिजनों व समर्थकों की मांग पर हरियाणा सरकार ने हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।



■ इनेलो नेता नफे सिंह राठी की 25 फरवरी 2024 को चार युवकों ने उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी

■ परिजनों की मांग पर राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी

### जांच में नहीं हुई प्रगति

इस चर्चित हत्याकांड में एसटीएफ ने अमित गुलिया को भी प्रॉडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया था। उसे 8 दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई, लेकिन कोई बड़ा खुलासा नहीं हुआ। इसके उपरांत सीबीआई ने कई लोगों से पूछताछ तो कि लेकिन जांच में कोई विशेष प्रगति सार्वजनिक नहीं हुई। जिस कारण नफे सिंह राठी के परिजन और समर्थक निराश हैं।

### वलसाड़ का अब्बास पकड़ा

बीते दिनों गुजरात पुलिस की एसओजी ने देवभूमि द्वारका से अब्बास नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुजरात के डिप्टी एसपी के अनुसार शूटरों के बोगस पासपोर्ट बनाने के आरोप में अब्बास पुत्र रफीकुद्दीन अब्दुल कादिर निवासी वलसाड़ को देवभूमि द्वारका बॉर्डर से काबू किया गया है। उसकी गिरफ्तारी की सूचना हरियाणा पुलिस की एसटीएफ को दे दी गई।

### पहचाने गए चारों शूटर

जांच में सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों के चेहरे बेनकाब हो गए थे। इनकी पहचान कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े अतुल, आशीष, नकुल व सौरव के रूप में हुई थी। हत्या के बाद इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट में ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर नंदू ने ही नफे सिंह हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस व सीबीआई तभी से मामले की जांच कर रही है।

### गोवा से पकड़े दो शूटर

हमलावरों की गाड़ी रेवाड़ी की पार्किंग से बरामद हुई। हत्यारे ट्रेन के जरिए मुंबई होते हुए गोवा पहुंच गए। पुलिस ने आशीष और सचिन उर्फ सौरव नाम के दो शूटरों को गोवा के होटल से गिरफ्तार कर लिया था। हत्यारों को गाड़ी उपलब्ध करवाने के आरोप में धर्मेंद्र निवासी बिजवासन को प्रॉडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया और पूछताछ की।

### परिजनों ने सुस्त जांच पर जताई नाराजगी

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी के पुत्र पार्षद जितेंद्र राठी ने सुस्त रफ्तार जांच पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सीबीआई ने 6 महीने में केस सुलझाने का दावा किया था। लेकिन कॉन्ट्रेक्ट किलिंग के 17 महीने बाद भी इस मामले में सभी शूटरों को गिरफ्तार करने और साजिशकर्ताओं को बेनकाब करने में सीबीआई विफल रही है।

**हरियाली तीज पर जनता टीवी का भव्य आयोजन**

# लोक संस्कृति व परंपरा का दिखा जीवंत रूप



सोनीपत। बहालगढ़ स्टील उद्योग गोयल परिवार से कमला गोयल, अंजू गोयल, निशा गोयल को सम्मानित करते पूर्व आईपीएस सुमन मंजरी व विधायक निखिल मदान।

**सोनीपत।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर जनता टीवी द्वारा रविवार को पुलिस कैंपस, तिरंगा चौक, सोनीपत में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक के साथ-साथ पारंपरिक व्यंजन, संगीत, झूले और रंग-बिरंगे स्टॉलों ने लोगों को आकर्षित किया। हरिभूमि व वर्मा पैथोलोजी के सह प्रायोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बहालगढ़ स्टील उद्योग ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी थीं, जिन्होंने पारंपरिक झूले का आनंद लेकर तीज पर्व का उत्सव शुरू किया। विशिष्ट अतिथियों में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और भाजपा सोनीपत जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पारंपरिक अंदाज में झूला झूलकर संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों भी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे सरपंच का ट्रक में आग लगाई, आरोपी सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के जाखल गांव में देर रात करीब 2 बजे मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने घर के बाहर खड़े ट्रक के टायरों पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा दी। यह ट्रक गांव के सरपंच प्रतिनिधि दुलाराम का है जो पिछले काफी समय से जाखल गांव में नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। टायरों में आग लगाने की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रात को दो युवक बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने ट्रक के टायरों पर पेट्रोल छिडक़ा और आग लगाकर फरार हो गए। इससे पहले भी करीब 6 महीने पहले बदमाशों ने आधी रात को सरपंच के घर पर पथराव किया था। घटना की सूचना मिलने पर जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना का जायजा लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि जाखल गांव में कुछ लोग स्मैक, हेरोइन और मेडिकल नशे का धंधा करते हैं।

■ बदमाशों ने छह माह पहले घर पर किया था पथराव

■ पुलिस ने जांच की शुरू



इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है और नई पीढ़ी भी इन नशों की चपेट में आ रही है। गांव के सरपंच अर्जुन सिंह ने इसके खिलाफ मुहिम चलाई हुई है। नशा तस्करी करने वाले लोग इस मुहिम से नाराज हैं। सरपंच प्रतिनिधि दुला राम ने बताया कि रात को उन्होंने अपना ट्रक घर के बाहर खड़ा किया था। रात करीब सवा दो बजे उन्हें राहगीरों से ट्रक को आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने किसी तरह पानी की व्यवस्था कर राहगीरों की मदद से मुश्किल से आग बुझाई। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि रात करीब 2 बजे एक पल्सर बाइक पर आए दो युवक ट्रक पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर भाग गए।

# शव देने के नाम पर भी सौदेबाजी, पहले मांगे साठ हजार, बाद में बीस हजार लेकर सौंपा

## हंगामा होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, प्राइवेट अस्पताल में हुई युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्राइवेट अस्पतालों में मुर्दों के शव देने के नाम पर भी किस कदर सौदेबाजी होती है, इसका उदाहरण सिविल अस्पताल के पास एक प्राइवेट अस्पताल में देखने को मिला। उपचार से पहले पैसे जमा कराने के बाद जब मरीज की मौत हो गई, तो आर्थिक रूप से कमजोर मृतक के परिजनों पर अस्पताल प्रबंधन ने 60 हजार रुपये जमा कराने का दबाव बनाया। यह रकम जमा नहीं कराने पर डेड बॉडी देने से मना कर दिया। हंगामा बढ़ता देख सिटी पुलिस मौके पर पहुंची, तो प्रबंधन 20 हजार रुपये डेड बॉडी देने के लिए तैयार हो गया।

■ पाडला के 42 वर्षीय सुनील शर्मा को खून की उल्टी आने पर परिजनों ने बीते शनिवार को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया था

पाडला निवासी लगभग 42 वर्षीय सुनील शर्मा को खून की उल्टी आने पर परिजनों ने बीते शनिवार को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया था। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इलाज के लिए 15 हजार रुपये जमा कराने को कहा गया था। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद यह राशि जमा करा दी गई। बाद में सुनील की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में ऐसा कोई उपचार नहीं किया गया, जिससे सुनील पर ज्यादा खर्च आया हो। इसके बावजूद प्रबंधन ने डेड बॉडी लेने के लिए 60 हजार रुपये और जमा कराने के लिए कहा गया। जब इतनी बड़ी रकम देने से मना किया, तो परिजनों को डेड बॉडी नहीं देने की बात कही।





रेवाड़ी। अस्पताल के बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ी। इनसेट में युवक का फाइल फोटो।

### पुलिस पहुंचते ही बीस हजार में सौदा

त्योहार के दिन डेड बॉडी हासिल करने के लिए सुनील के परिजन काफी मान-मनोव्वल करते रहे, परंतु अस्पताल प्रबंधन का दिल नहीं पसीजा। इसी दौरान परिजनों ने हंगामा भी शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रबंधन 20 हजार रुपये पर आ गया। यह राशि देने के बाद ही डेड बॉडी परिजनों को दी गई। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डा. एसएन यादव ने कहा कि मरीज के इलाज का बिल बकाया था। परिजनों को बकाया बिल का भुगताने करने को कहा गया था। डेड बॉडी देने से मना नहीं किया गया। आर्थिक हालत सही नहीं होने का पता चलते ही बिल कम कर दिया गया तथा डेड बॉडी परिजनों को सौंप दी गई।

### दीवार को लेकर झगड़े में हत्या, आरोपी काबू

**डबवाली।** उपमंडल के पन्नीवाला मोरिका गांव में दीवार को लेकर शनिवार रात कुछ लोगों में झगड़ा हो गया और इस झगड़े में बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इसके बाद हत्याकांड में तत्परता दिखाते हुए हत्यारोपी संदीप सिंह निवासी पन्नीवाला मोरिका को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के भाई गुरजीत सिंह पुत्र मिठू सिंह निवासी पन्नीवाला मोरिकां हाल भगता भाई जिला बठिंडा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। गुरजीत सिंह ने बताया कि उसके पास शनिवार रात को फोन आया कि उसके भाई बूटा सिंह जो पन्नीवाला मोरिका में रहता है, का पड़ोसी संदीप सिंह से दीवार को लेकर झगड़ा हो गया है। सूचना पाकर वह पन्नीवाला मोरिका पहुंचा तो उसने देखा कि उसके भाई को काफी चोटें लगी हुई है। उसने घायल बूटा सिंह को सरकारी अस्पताल डबवाली में भर्ती करवाया। यहां डाक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना सदर में अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप सिंह को काबू कर लिया। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी।

# मामा के बाद एनसीआर माइनर में डूबी भाजियों के भी शव बरामद

**बहादुरगढ़।** रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में डूबी दोनों बहनों के शव कई किलोमीटर दूर गोयला कलां और मुंडाखेड़ा से बरामद हुए। आसौदा थाना पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। हादसे के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दरअसल, यूपी के हमीरपुर की मूल निवासी करीब 10 वर्षीय उर्मी और करीब सात वर्षीय रागनी अपनी विधवा मां के साथ रोहद गांव में रहती थी। उनका मामा सुनील भी यहीं रहता था और एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार की शाम को सुनील अपनी भांजियों रागिनी और उर्मी के साथ रोहद के निकट से गुजर रही एनसीआर माइनर पर गया था। तीनों नहर किनारे कपड़े धो रहे थे। इसी दौरान भांजियों का पांव फिसल गया और वे नहर में जा गिरीं। उन्हें बचाने की कोशिश में सुनील भी कूद गया और वह भी डूब गया। इसके बाद पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। गोताखोर टीम बुलाई। दूसरे दिन शनिवार की सुबह कुछ ही दूरी पर सुनील का शव बरामद हुआ लेकिन दोनों बच्चियां नहीं मिली। तब से गोताखोरों की टीम लगातार प्रयास कर रही थी। तीसरे दिन रविवार की सुबह करीब 17 किलोमीटर दूर गोयला कलां में छोटी लड़की तो लगभग साढ़े 31 किलोमीटर दूर बड़ी लड़की के शव बरामद हुए। शवों को पानी से निकालकर अस्पताल लाया गया। दोनों बच्चियों के शव देख परिजन बिलख पड़े।

■ शुक्रवार की शाम को रोहद स्थित एनसीआर में डूब गए थे मामा और दो भांजी

# सफीदों में चिकित्सक की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद काबू

**जींद।** सफीदों के चिकित्सक की हत्या के आरोपित के साथ सीआईए स्टाफ ने नरवाना में रेलवे पुल के निकट मुठभेड़ में काबू कर लिया। आरोपित के टखने में गोली लगी है। सीआईए कर्मी द्वारा घायल को उपचार के लिए नरवाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि सफीदों के निजी अस्पताल संचालक डा. विकास की हत्या करने का आरोपित नरवाना इलाके में देखा गया है। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ ने आरोपित का पीछा करना शुरू कर दिया। नरवाना रेलवे पुल के निकट आरोपित ने घेरा देख कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली दागी। जिसमें गोली आरोपित के टखने में जा लगी। जिसमें आरोपित घायल हो गया। पुलिस पूछताद में आरोपित की पहचान गांव जयसिंहपुरा निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। जिसे नरवाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। काबिलेगौर है कि गत 24 जुलाई रात को सफीदों के निजी अस्पताल संचालक डा. विकास की फॉर्च्यूनर सवार लोगों ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी। जबकि हमले में निजी अस्पताल संचालक डा. अनिल तथा उसका साढू यशपाल भी घायल हो गए थे। जो उपचाराधीन है। हालांकि पुलिस ने डा. अनिल उसके साढू यशपाल को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया हुआ है। आरोपित की धरपकड़ के लिए पुलिस पर जबरदस्त दबाव बना हुआ था। रविवार शाम पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

### युवक ने दो बच्चों के साथ जहर खाया

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र के रोशन नगर में रहने वाले एक पिता ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पहले अपने दोनों बच्चों का पिलाया। फिर खुद भी पी लिया। रोशन नगर में रहने वाला मोहम्मद निजाम अपने बच्चे दिलशाद और शायमा के साथ रहता था। मृतक के जीजा मोहम्मद अरफोज ने बताया कि निजाम ऑटो चलाने का काम करता था। वह शराब का सेवन काफी करता था। इसको लेकर ही उसका पत्नी खुशी से झगड़ा होता था। तीन महीने पहले खुशी उसको छोड़कर लक्कड़पुर अपनी बहन के पास रहने लगी थी। जिसके बाद निजाम और अधिक तनाव में आ गया था।



